रोहतक पीजीआई बनेगा हार्ट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

चर्चा में क्यों?

2 जून, 2022 को हरियाणा राज्य के पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस.एस. लोहचब ने रोहतक ज़िले के पीजीआई को हार्ट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा की है।

प्रमुख बिंदु

- पीजीआई के हार्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनने से दिल की हर तरह की बीमारी के इलाज की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध हो सकेगी।
- इसी संदर्भ में हार्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दिल के मरीजों को हर तरह का इलाज मुहैया कराने के लिये उपकरण, चिकित्सक, स्टाफ व अन्य ज़रूरी चीजों का खाका तैयार किया जा रहा है।
- वर्तमान में राज्य के हृदय रोगियों को इलाज़ के लिये चंडीगढ़, जयपुर या दिल्ली जाना पड़ता है।
- साथ ही सरकार द्वारा दूसरे गंभीर रोगों के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएंगे ताकि मरीजों को दूसरे रोगों का भी बेहतर इलाज मुहैया हो सके।
- सरकार का प्रयास इस संस्थान को हृदय रोग की सुपर स्पेशियलिटी के रूप में विकसित करने का है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rohtak-pgi-to-become-centre-of-excellence-of-heart